# 24. निबंध-लेखन

किसी विषय पर अपने विचारों को क्रमबद्ध तरीके से तथा विस्तारपूर्वक लिखना निबंध-लेखन कहलाता है। निबंध का अर्थ होता है अच्छी तरह से बँधा हुआ। निबंध में विषय के सभी पहलुओं पर अपने विचारों को सटीकता और स्पष्टता से प्रकट करना चाहिए।

## शिक्षण-संकेत

- समझाएँ, निबंध अपने विचारों को सटीकता से प्रकट करने का माध्यम है।
- पाठ पृष्ठ पर दिए निबंधों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- यथासंभव प्रत्येक छात्र को निबंध अंश पढ़ने का अवसर दें।
- निबंध-लेखन के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करें।
- छात्रों को नए-नए विषयों पर निबंध लिखने के लिए प्रेरित करें।